किसी की नैया का मांझी बन जाता है

किसी की नैया का मांझी बन जाता है,
किसी के जीवन का साथी बन जाता है,
जो प्यार करता है उसका बन जाता है,

श्याम की नैया श्याम ही माजी इसकी रजा में दुनिया है राजी,
इनकी दया से ही साहिल मिल जाता है,
किसी की नैया का मांझी बन जाता है,
किसी के जीवन का साथी बन जाता है,

जिस ने बनाया कन्हैया को साथी जीवन में बिपदा कभी नहीं आती,
विपदा से पहले तो ये खुद आ जाता है,
किसी की नैया का मांझी बन जाता है,
किसी के जीवन का साथी बन जाता है,

संजू कन्हैया प्रेम का भूखा मेरे सँवारे की प्रेम है पूजा,
ये प्रेम की खातिर कुछ भी कर जाता है,
किसी की नैया का मांझी बन जाता है,
किसी के जीवन का साथी बन जाता है,

Source:
https://www.bharattemples.com/kisi-ki-naiya-hai-majhi-ban-jaata-hai-kisi-ke-jeewan-ka-sathi-ban-jaat-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw